# विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स चुनाव: मनोहर डिगवानी और संदीप जैन दोनों पैनलों ने झोंकी ताकत

### 26 जून को वार्षिक अधिवेशन और 28 को होगा मतदान; व्यापारी राजनीति में बढ़ी सरगर्मी





सतना।

विंध्य क्षेत्र के व्यापारियों की शीर्ष प्रतिनिधि संस्था 'विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज' के आगामी 28 जून को होने वाले कार्यकारिणी चुनाव को लेकर व्यापारिक गलियारों में सरगर्मी चरम पर पहुंच गई है। रविवार को एक और पैनल की एंट्री हुई। इसके साथ ही अब इस प्रतिष्ठापूर्ण मुकाबले में दिग्गजों के सीधी टक्कर तय हो गई है। रविवार को आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम के दौरान चेंबर के वर्तमान महामंत्री संदीप जैन की अध्यक्षता की दावेदारी का औपचारिक ऐलान किया गया। सीमेंट मर्चेंट एसोसिएशन ने खुलकर संदीप जैन के नाम पर मुहर लगाई है। इस अवसर पर वरिष्ठ पदाधिकारियों ने चेंबर के इतिहास को याद करते हुए कहा कि वर्ष 1964 में इस संस्था की स्थापना के बाद से व्यापारिक हितों की रक्षा में इसका गौरवशाली इतिहास रहा है। इस दौरान भोलाप्रसाद,अर्जुन दास जेसवानी, दिनेश जैन, मानवानी, संदीप शाह, फेरूमल तोलानी,राजेश लालचंदानी,अनिल जेसवानी, जवाहरलाल भावनानी, अर्जुन जेसवानी, भोलाप्रसाद गुप्ता,पवन जैन, भूपेंद्र खैरा, श्रीचंद मेलानी, मूलचंद भावनानी, भगवानदास, रविंद्र, दुदान कुमार गुप्ता, सुमंत शाह, श्याम मानवानी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित थे।

### मनोहर पैनल की भी हुई लॉन्चिंग,पदाधिकारियों के नामों का ऐलान

चेंबर चुनाव में जीत का परचम लहराने के लिए मनोहर डिगवानी के नेतृत्व वाले पैनल की भी रविवार को एक स्थानीय होटल में भव्य लॉन्चिंग की गई। इस दौरान भारी संख्या में व्यापारी और प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। डिगवानी पैनल ने अपनी टीम के अन्य प्रमुख पदों के प्रत्याशियों के नामों का भी ऐलान कर दिया है।

**अध्यक्ष पद:** मनोहर डिगवानी
**महामंत्री पद:** मनोज कोटवानी
**कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद:** अभिषेक जैन
मंत्री पद: मनोज अरोरा/रोहित सह-मंत्री/

### कोषाध्यक्ष पद: कनक पुरानी

इस अवसर पर प्रदीप अरोरा, लक्ष्मण लाल, फेरूमल तोलानी, रमेश जैन,अशोक महरोत्रा, पुष्पेंद्र द्विवेदी, नरेश हिरवानी, रामप्रताप कुशवाहा, विनोद तिवारी, विनीत सहित चेंबर के कई गणमान्य सदस्य और व्यापारी नेता मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि मौजूदा समय में चेंबर के अध्यक्ष सतीश सुखीजा है एक बार फिर वह अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं।

## युवक कांग्रेस का प्रदर्शन: भाजपा कार्यालय के घेराव को लेकर भारी पुलिस बल रहा तैनात, बैरिकेड्स लगाकर रोका





सतना।

शहर के भरहुत नगर स्थित भाजपा कार्यालय के घेराव की युवक कांग्रेस की घोषणा के बाद आज इलाके में भारी सियासी हलचल देखी गई। कांग्रेस के इस उग्र प्रदर्शन के मद्देनजर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए भरहुत नगर और भाजपा कार्यालय के आस पास के पूरे क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया।युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता जैसे ही घेराव के लिए आगे बढ़े,पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए भाजपा कार्यालय से काफी पहले ही मजबूत बैरिकेड्स लगाकर उन्हें रोक दिया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली।

### भाजपा कार्यालय में जमी रहे कार्यकर्ता

दूसरी तरफ,युवक कांग्रेस के घेराव कार्यक्रम की भनक लगते ही भाजपा खेमे में भी सरगर्मी तेज हो गई। किसी भी स्थिति से निपटने और एकजुटता दिखाने के लिए भाजपा कार्यालय में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी पहले से ही मौजूद रहे।

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

पुलिस प्रशासन ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरे रूट पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। बैरिकेडिंग के पास अतिरिक्त बल तैनात रहा,जिससे प्रदर्शनकारी आगे नहीं बढ़ सके।

### प्रेमिका को भगाने के चक्कर में रेंजर ने की पुलिस कर्मी पत्नी की पिटाई, रीवा की सड़कों पर हंगामा

**सतना।** एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है,जहाँ बरौधा रेंजर पर अपनी ही पत्नी के साथ बीच सड़क पर मारपीट करने का आरोप लगा है। मिली जानकारी के अनुसार,रेंजर अपनी प्रेमिका को भगाने की फिराक में था। जब इसकी भनक उनकी पत्नी को लगी,तो रेंजर ने पत्नी के बाल पकड़कर उनकी बेरहमी से पिटाई कर दी। चौंकाने वाली बात यह है कि पीड़ित पत्नी खुद एक महिला पुलिसकर्मी है और वर्तमान में थाने में ही पदस्थ है। इस पूरे हाई-वोल्टेज ड्रामे के कारण रीवा की सड़कों पर जमकर हंगामा हुआ और राहगीरों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। कानून व्यवस्था की रक्षा करने वाली महिला पुलिसकर्मी के साथ सरेराह हुई इस बर्बरता ने प्रशासनिक और पुलिस महकमे में हड़कंप मचा दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस जांच में जुट गई है।

## नागौद राजपरिवार गोलीकांड: आरोपी सुनीता सिंह का फायरिंग करते नया वीडियो वायरल

सतना।



जिले में नागौद राजपरिवार की परसमनिया गढ़ी में हुए चर्चित गोलीकांड का एक नया वीडियो सोमवार को सामने आया है। इस वायरल वीडियो में मामले की मुख्य आरोपी सुनीता सिंह हाथ में लाइसेंसी राइफल लेकर फायरिंग करती साफ दिखाई दे रही हैं। गोली चलने के तुरंत बाद बीजेपी विधायक नागेंद्र सिंह के भतीजे रूपेंद्र सिंह की पत्नी योगिता सिंह(48) दर्द से चीखती नजर आती हैं,जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच जाती है। यह घटना 11 जून की दोपहर को एक पारिवारिक विवाद के दौरान हुई थी। फायरिंग में योगिता सिंह के पेट में गोली लगी थी,जिसके बाद उन्हें रीवा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर गोली निकाल दी है और फिलहाल उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपी सुनीता सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके पास से .22 बोर की लाइसेंसी राइफल,8 जिंदा कारतूस और 4 खाली खोखे बरामद किए हैं। अदालत में पेशी के बाद आरोपी महिला को सेंट्रल जेल भेज दिया गया है और पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

## पोड़ी शराब दुकान को खोल दिया गया पिथौराबाद में, बढ़ा विरोध, जनपद सदस्य ने दी आंदोलन की चेतावनी




सतना।

उचेहरा जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पिथौराबाद में नागौद-उचेहरा मुख्य मार्ग पर संचालित शराब दुकान को लेकर क्षेत्रीय जनपद सदस्य रमेश कुशवाहा (लाल जी) ने दुकान के संचालन पर आपत्ति जताते हुए जिला प्रशासन से इसे तत्काल अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने की मांग की है। जनपद सदस्य ने इस संबंध में कलेक्टर सतना एवं जिला आबकारी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बताया कि शराब दुकान मूल रूप से पोड़ी पंचायत क्षेत्र में खोले जाने के लिए निर्धारित थी,लेकिन इसे पिथौराबाद में संचालित किया जा रहा है।उन्होंने आरोप लगाया कि दुकान के सामने विद्युत विभाग का सबस्टेशन स्थित है तथा इसी मार्ग से शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय का मुख्य प्रवेश द्वार भी है,जहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं का आवागमन होता है और विद्यालय मार्ग पर शराब दुकान संचालित होने से बच्चों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है तथा क्षेत्र का सामाजिक और नैतिक वातावरण भी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि दुकान पर निर्धारित मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं की गई है,जिससे उपभोक्ताओं को वास्तविक कीमत की जानकारी नहीं मिल पाती। कई बार निर्धारित दर से अधिक कीमत वसूलने की शिकायतें सामने आई हैं,जिसके कारण ग्राहकों और कर्मचारियों के बीच विवाद की स्थिति भी बनती रहती है।ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि आसपास के गांवों सहित परसमनिया पहाड़ी क्षेत्र तक अवैध रूप से शराब पहुंचाए जाने की शिकायतें मिल रही हैं,जिससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ रही है। जनपद सदस्य ने प्रशासन से मांग की है कि शराब दुकान को उसके निर्धारित स्थान पोड़ी पंचायत क्षेत्र में स्थानांतरित किया जाए तथा मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया,तो ग्रामीणों के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा।

## मैहर में जय भारत मंच की प्रांतीय बैठक में संगठन विस्तार और सेवा कार्यों पर हुई चर्चा



मैहर।

माँ शारदा की पावन नगरी मैहर स्थित 'माई की रसोई' में जय भारत मंच महाकौशल प्रांत की एक महत्वपूर्ण और गरिमामय प्रांतीय बैठक का आयोजन किया गया।इस बैठक में संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा,राष्ट्रीय महामंत्री डॉ.अर्जुन सिंह,माई की रसोई के संचालक धीरज (सौरज) पाण्डेय, महाकौशल प्रांत के संरक्षक रुद्रनाथ शुक्ला और प्रांत अध्यक्ष जगदीश दुबे विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक की शुरुआत में सभी अतिथियों और पदाधिकारियों का माँ शारदा की पावन चुनरी ओढ़ाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान संगठन के विस्तार,सेवा,शिक्षा और संस्कार आधारित जन कल्याणकारी गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। इसके साथ ही आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करते हुए महाकौशल प्रांत की भावी कार्ययोजना पर पदाधिकारियों का मार्गदर्शन किया गया,ताकि समाज हित में संगठन को और अधिक गतिशील व प्रभावी बनाया जा सके।

## खबर संक्षेप



### सोमवती अमावस्या : सुहागिनों ने रखा अखंड सौभाग्य का व्रत

**सतना।** सोमवती अमावस्या के पावन पर्व पर धर्मनगरी चित्रकूट में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। देश के कोने-कोने से पहुंचे लाखों श्रद्धालुओं ने पवित्र मंदाकिनी नदी में डुबकी लगाई और भगवान कामतानाथ स्वामी के दर्शन कर परिक्रमा की। सुबह से ही रामघाट,परिक्रमा मार्ग और कामतानाथ मंदिर सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों पर भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। इस विशेष संयोग पर सुहागिन महिलाओं ने पति की दीर्घायु,अखंड सौभाग्य और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए पारंपरिक रूप से निर्जला उपवास रखा। महिलाओं ने पूरे विधि-विधान से पीपल के वृक्ष की जड़ में जल अर्पित किया। इसके बाद भगवान विष्णु,माता लक्ष्मी और देवाधिदेव महादेव का स्मरण करते हुए वृक्ष पर कच्चासूत लपेटकर 108 बार परिक्रमा (भँवरी) की। श्रद्धालुओं ने रक्षासूत्र बांधकर दीप जलाए और सुखद दांपत्य जीवन की कामना की। सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए सतना पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा के लिहाज से रामघाट, परिक्रमा मार्ग,प्रमुख चौराहों और संवेदनशील स्थलों पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था,जिससे मेला शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

### मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होना लोकतंत्र पर आघात: कांग्रेस

**सतना।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने को लोकतंत्र,निष्पक्ष चुनाव और संवैधानिक मूल्यों पर गंभीर आघात बताया है। सर्किट हाउस में आयोजित पत्रकारवार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी (शहर) अध्यक्ष आरिफ इकबाल सिद्दीकी और जिला प्रभारी वीरेंद्र द्विवेदी ने चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठाए। नेताओं ने कहा कि जिस निजी परिवाद (प्राइवेट कम्प्लेंट) का हवाला देकर नामांकन निरस्त किया गया,उसमें मीनाक्षी नटराजन अभियुक्त नहीं बल्कि प्रतिवादी हैं। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 33 ए और फॉर्म-26 का उद्देश्य आपराधिक मामलों की जानकारी देना है,न कि दीवानी मामलों का। पार्टी का आरोप है कि यह कार्रवाई दुर्भावनापूर्ण है। इस अवसर पर पूर्व विधायक कल्पना वर्मा,प्रवक्ता अमित गोयल,संगठन प्रभारी नागेश मिश्रा और राजभान सिंह समेत कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक



**सतना।** मध्य प्रदेश के सागर जिले में 12 से 14 जून 2026 तक आयोजित ओपन गोल्ड कप एमपी स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2026 में सतना की उभरती खिलाड़ी मान्या पांडे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्री सब जूनियर वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि से जिले में खुशी का माहौल है और खेल प्रेमियों ने उन्हें बधाई दी है। सतना मार्शल आर्ट अकादमी के संस्थापक एवं कोच संदीप भारती ने बताया कि इस तीन दिवसीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से सैकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कई आयु और भार वर्गों की प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की गईं जिनमें सबसे अधिक आकर्षण नन्हे खिलाड़ियों की प्री सब जूनियर कैटेगरी रही।इसी वर्ग में मान्या पांडे ने अपने दमदार खेल अनुशासन और तकनीकी कौशल का प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर सतना का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया। कोच संदीप भारती ने बताया कि मान्या ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान आत्म विश्वास के साथ मुकाबले खेले और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया।

### स्थानांतरण नीति पर अमल न होने पर सवाल

**मैहर।** मध्य प्रदेश सरकार की स्थानांतरण नीति की समय सीमा समाप्त होने के बाद भी मैहर सहित प्रदेश के कई विभागों में सालों से जमे अधिकारियों पर कार्रवाई न होने का मुद्दा गरमा गया है।युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव शिवम पाण्डेय ने सरकार की मंशा पर तीखा सवाल उठाते हुए पूछा है कि यदि सरकार अपनी ही नीतियों को लागू नहीं कर पाती,तो ऐसी घोषणाओं का क्या औचित्य है? उन्होंने आरोप लगाया कि एक ही स्थान पर लंबे समय से पदस्थ अधिकारियों के कारण प्रशासनिक पारदर्शिता प्रभावित हो रही है।






## सजग युवा एसोसिएशन के हस्ताक्षर अभियान में 200 से अधिक नागरिकों ने लिया हिस्सा

# पन्ना में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने की मांग को मिला जनसमर्थन



**पन्ना।** जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं एवं जिला चिकित्सालय सहित विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में रिक्त डॉक्टरों और विशेषज्ञ चिकित्सकों के पदों को भरने की मांग को लेकर सजग युवा एसोसिएशन द्वारा अजयगढ़ चौराहा पर एक जनहित हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। अभियान को आम नागरिकों का व्यापक समर्थन प्राप्त हुआ, जिसमें 200 से अधिक लोगों ने हस्ताक्षर कर अपनी सहमति एवं समर्थन दर्ज कराया। इस दौरान जिले के विभिन्न वर्गों के नागरिकों, युवाओं, व्यापारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं आमजन ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उपस्थित लोगों ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं प्रत्येक नागरिक का मूल अधिकार हैं तथा पन्ना जिले में डॉक्टरों और विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के कारण आम जनता को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कई बार मरीजों को उपचार के लिए अन्य जिलों में रेफर होना पड़ता है, जिससे आर्थिक और मानसिक दोनों



प्रकार की परेशानियां बढ़ती हैं। सजग युवा एसोसिएशन के संस्थापक लक्ष्य एवं वीर के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान का उद्देश्य शासन-प्रशासन तक जनता की आवाज पहुंचाना तथा जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की मांग को मजबूत करना था। अभियान के दौरान लोगों ने उत्साहपूर्वक हस्ताक्षर कर यह संदेश दिया कि पन्ना जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार अब समय की आवश्यकता है। अभियान में उपस्थित नागरिकों ने शासन से मांग की कि जिला चिकित्सालय पन्ना सहित जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं अन्य शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में रिक्त चिकित्सक एवं विशेषज्ञ चिकित्सक पदों पर शीघ्र नियुक्तियां की जाएं, ताकि आमजन को बेहतर और समय पर उपचार उपलब्ध हो सके। इस मौके पे अभय, वेदांत मोहनीश सक्षम दिव्यांश अंकित शुभ उपेंद्र आभास नमन तन्मय प्रथ्वी रामबाबू शिवांश आनंद वेद राजेश मौजूद रहे। सजग युवा एसोसिएशन ने बताया कि यह अभियान केवल हस्ताक्षर तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जनहित से जुड़े मुद्दों को लोकतांत्रिक और सकारात्मक माध्यमों से शासन तक पहुंचाने का प्रयास निरंतर जारी रहेगा। "एक हस्ताक्षर, बेहतर स्वास्थ्य की ओर एक कदम" के संदेश के साथ आयोजित इस अभियान ने यह सिद्ध कर दिया कि पन्ना की जनता अपने जिले के स्वास्थ्य भविष्य को लेकर जागरूक है और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद करने को तैयार है।

## खबर संक्षेप

### मुख्य निर्वाचन आयोग अधिकारी का पुतला फूंका



**पन्ना।** भाजपा के दबाव में लिया गया यह निर्णय लोकतंत्र की आत्मा पर आघात है। कांग्रेस की राज्यसभा उम्मीदवार सुश्री मीनाक्षी नटराजन जी का नामांकन निरस्त कर निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव की अवधारणा को कमजोर करने का प्रयास किया गया है।लोकतांत्रिक व्यवस्था के साथ हुए अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद की गई।इस दौरान मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनीश खान,मनीष मिश्रा,प्रवक्ता दीपक तिवारी, नृपेंद सिंह ,सुरेंद्र सिंह, आस्था तिवारी, संत कुमार पटेल, सुरेंद्र सिंह ,भूपेंद्र सिंह परमार,प्रहलाद यादव ,सोनू चौधरी ,मानवेंद्र सिंह शनिराजा, निखिल विश्वकर्मा, स्वदेश सोनी आशीष बागरी,आशीष बागरी मनीष पटेरिया, नारायण तिवारी राजाजी बुंदेला ,अरविंद सोनी केसरी अहिरवार ,शिवलाल सेन,मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### टिकुरिया हाट बाजार में आदेशों की अनदेखी, मुख्य मार्ग किनारे लग रही दुकानें, हादसे की आशंका



**अजयगढ़।** जनपद पंचायत अजयगढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सिद्धपुर के टिकुरिया हाट बाजार में प्रशासनिक निर्देशों के बावजूद मुख्य मार्ग एवं राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बाजार लगाए जाने का मामला सामने आया है। इससे सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है और स्थानीय ग्रामीणों में चिंता का माहौल है। जानकारी के अनुसार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अजयगढ़ द्वारा ग्राम पंचायत सिद्धपुर को पत्र जारी कर निर्देशित किया गया था कि टिकुरिया हाट बाजार राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे लगने के कारण यातायात बाधित होता है तथा दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। इसलिए बाजार को किसी सुरक्षित एवं उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किया जाए, ताकि जनहानि जैसी अप्रिय घटनाओं से बचा जा सके। मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देशों के पालन में ग्राम पंचायत द्वारा भी हाट बाजार समिति को पत्र जारी कर बाजार को अन्य स्थान पर लगाने के लिए कहा गया था। इसके बावजूद कुछ व्यापारियों द्वारा प्रशासनिक आदेशों की अनदेखी करते हुए मनमाने ढंग से सड़क किनारे एवं मुख्य मार्ग पर ही दुकानें लगाई जा रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बाजार लगने के दौरान सड़क पर भीड़ बढ़ जाती है, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। विशेषकर राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजरने वाले तेज रफ्तार वाहनों के कारण किसी भी समय गंभीर दुर्घटना हो सकती है। इस गंभीर समस्या को देखते हुए ग्रामीणों ने थाना प्रभारी धर्मपुर को आवेदन सौंपकर बाजार को निर्धारित सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर सड़क किनारे लगने वाले बाजार पर रोक लगाने तथा संबंधित आदेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने की अपील की है।

### रथयात्रा महोत्सव की व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक 16 जून को

**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार की अध्यक्षता में आगामी रथयात्रा महोत्सव की तैयारियों व आवश्यक व्यवस्थाओं के दृष्टिगत मंगलवार, 16 जून को अपरान्ह 3 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक होगी। अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे द्वारा बैठक में सर्वसंबंधितों से उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

## कठिन परिस्थितियों में भी नहीं थमता जुनून, महुआडोल के जनजातीय युवाओं ने जुगाड़ से बनाया अपना व्यायामशाला





**पन्ना।** वन परिक्षेत्र कल्दा के ग्राम महुआडोल से वनरक्षक श्री वीरेंद्र पटेल द्वारा साझा किया गया एक प्रेरणादायक वीडियो नवयुवक इंद्रकुमार आदिवासी के अदम्य उत्साह, परिश्रम एवं संकल्प की कहानी बयां करता है। सीमित संसाधनों और सुविधाओं के अभाव के बावजूद उन्होंने अपने शारीरिक विकास और फिटनेस के प्रति समर्पण को बनाए रखा है। इंद्र कुमार ने ईंटों एवं पत्थरों का उपयोग वेट प्लेट्स एवं डम्बल के रूप में, बांस एवं लकड़ी की बल्लियों का उपयोग जिम रॉड के रूप में तथा पुराने थैले का उपयोग पंचिंग बैग के रूप में करते हुए स्वयं के लिए एक देशी व्यायामशाला तैयार की है। यह प्रयास दर्शाता है कि सफलता और आत्मविकास के लिए महंगे संसाधनों से अधिक महत्वपूर्ण दृढ़ इच्छाशक्ति और निरंतर प्रयास होते हैं। महुआडोल के इस युवा ने कठिन परिस्थितियों में भी हार न मानते हुए अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा दी है। उनका यह जज़्बा न केवल स्थानीय युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है, बल्कि यह संदेश भी देता है कि यदि संकल्प मजबूत हो तो सीमित साधनों में भी बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। इंद्र कुमार आदिवासी का यह प्रयास आत्मनिर्भरता, मेहनत और लगन का उत्कृष्ट उदाहरण है।

## अमानगंज थाना से स्थानांतरित पुलिस कर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई



**अमानगंज।** पन्ना जिले की पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू द्वारा बीते दिनों विभाग में बड़े पैमाने पर पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के स्थानांतरण किए गए थे। इसी क्रम में स्थानीय अमानगंज पुलिस थाने से विदा हो रहे पुलिसकर्मियों के लिए एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। थाना परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अमानगंज पुलिस थाना प्रभारी रवि सिंह यादव एवं स्टाफ ने स्थानांतरित होकर जा रहे साथी कर्मचारियों को फूल-मालाएं पहनाकर और मिठाई खिलाकर भावभीनी विदाई दी। सभी उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों ने उनके बेहतर कार्यप्रणाली की सराहना की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### इन पुलिसकर्मियों को मिली विदाई -

आरक्षक तुलसीदास, आगामी सेवा सिमरिया थाना में देंगे। आरक्षक हेमा गर्ग, आगामी सेवा बृजपुर थाना में देंगी। आरक्षक संगीता, आगामी सेवा कोतवाली पन्ना में देंगी। आरक्षक आशीष, आगामी सेवा यातायात थाना में देंगे। आरक्षक आजम, आगामी सेवा जिला कंट्रोल रूम में देंगे। प्रधान आरक्षक जानकी, आगामी सेवा कोतवाली पन्ना में देंगी। इस मौके पर विदा हुए पुलिसकर्मियों ने अमानगंज में अपने सेवाकाल के अनुभवों को साझा किया और साथी स्टाफ द्वारा मिले सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान थाने का समस्त स्टाफ और स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सोमवती अमावस्या पर कलेही देवी मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब



### महिलाओं ने परिवार की सुख समृद्धि और पति की लंबी आयु के लिए की पूजा अर्चना

**पवई।** सोमवती अमावस्या पर देश प्रदेश के मंदिरों के साथ पन्ना जिले की पवई में पत्ने नदी के किनारे स्थित माता कलेही देवी मंदिर में भी आस्था का सैलाब देखने को मिला,जहां सुबह से महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और परिवार की सुख समृद्धि खुशहाली के लिए मंदिर परिसर पहुंची और पूजा अर्चना के साथ ही उनके द्वारा परिसर में स्थित पीपल के वृक्ष की 108 परिक्रमा करते हुए माता का आशीर्वाद भी लिया,साथ ही व्रत रखा। बता दें कि हिंदू धर्म में सोमवती अमावस्या का अत्यधिक धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है। जब अमावस्या तिथि सोमवार के दिन पड़ती है,इस शुभ संयोग को सोमवती अमावस्या कहा जाता है। यह दिन भगवान शिव और माता पार्वती को समर्पित होता है। इस दिन महिलाएं सौभाग्य और लंबी आयु की कामना के लिए व्रत रखती है, इसके साथ ही इस दिन महिलाएं पीपल के पेड़ में जल दूध और अक्षत अर्पित करके पूजा करती है। सुहागिनें पीपल के वृक्ष के चारों ओर 108 बार धागा लपेटकर परिक्रमा करती है। माना जाता है कि पीपल में त्रिदेव का वास होता है इसके अलावा अमावस्या तिथि पितरों को समर्पित होती है,इस दिन पवित्र नदियों में स्नान कर तर्पण पिंडदान और दान करने से पितरों को शांति और उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है।

## पवई के नवीन अस्पताल भवन का उद्घाटन कब?

### निर्माण गुणवत्ता और देरी पर उठे सवाल



**पवई।** क्षेत्रीय सांसद डॉ. विष्णुदत्त शर्मा एवं पवई विधायक प्रहलाद लोधी के प्रयासों से पवई को लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 100 बिस्तरीय सिविल अस्पताल के नवीन भवन की सौगात मिली थी। वर्ष 2021-22 में स्वीकृत इस परियोजना का भूमिपूजन और शिलान्यास विधानसभा चुनाव 2023 से पूर्व कटनी मार्ग स्थित अरण्य भवन के पीछे किया गया था। उद्देश्य क्षेत्र की जनता को आधुनिक और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना था।निर्माण एजेंसी के अनुसार यह भवन लगभग 11 माह में पूर्ण होना था, लेकिन निर्माण कार्य निर्धारित समय से काफी पीछे रहा। करीब चार वर्ष बीत जाने के बाद भवन का निर्माण तो पूरा हो गया, लेकिन एक वर्ष से अधिक समय गुजरने के बाद भी इसका लोकार्पण और संचालन शुरू नहीं हो सका है। ऐसे में क्षेत्रवासियों के बीच सवाल उठ रहे हैं कि आखिर अस्पताल भवन जनता के लिए कब खोला जाएगा। गौरतलब है कि गुरुवार को पन्ना कलेक्टर द्वारा नवीन अस्पताल भवन का निरीक्षण एवं भ्रमण भी किया गया है। कलेक्टर के दौरे के बाद क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि अस्पताल भवन के लोकार्पण एवं संचालन को लेकर जल्द कोई ठोस निर्णय लिया जा सकता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि उद्घाटन में हो रही देरी के कारण क्षेत्र की जनता आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित है। वहीं भवन की गुणवत्ता को लेकर भी चर्चाएं शुरू हो गई हैं। लोगों का कहना है कि भवन की कुछ दीवारों में दरारें दिखाई देने लगी हैं। इस संबंध में निर्माण एजेंसी द्वारा बाउंड्रीवाल न होने को कारण बताया गया है, लेकिन नागरिकों का मानना है कि उद्घाटन से पहले ही भवन में दरारें दिखाई देना निर्माण गुणवत्ता पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि भवन पूर्ण रूप से तैयार है तो उसका शीघ्र लोकार्पण कर स्वास्थ्य सेवाएं शुरू की जानी चाहिए। साथ ही निर्माण गुणवत्ता की तकनीकी जांच भी कराई जानी चाहिए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो।जनता अब यह जानना चाहती है कि वर्षों के इंतजार के बाद तैयार हुए इस अस्पताल भवन का उद्घाटन आखिर कब होगा और क्षेत्र को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ कब मिल सकेगा।

## नगर गुनौर की सड़कें बनीं 'पार्किंग जोन', आधी सड़क पर व्यापारियों का कब्जा, जाम से कराह रही जनता





**गुनौर।** नगर गुनौर का मुख्य बाजार इन दिनों अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग की समस्या से जूझ रहा है। हालत यह है कि कई व्यापारियों द्वारा दुकानों का सामान आधी सड़क तक फैला दिया जाता है, वहीं ग्राहकों के वाहन भी सड़क पर ही खड़े कराए जा रहे हैं। नतीजतन, नगर की प्रमुख सड़कें अब सड़क कम और पार्किंग जोन ज्यादा नजर आने लगी हैं। सुबह से लेकर देर शाम तक अमानगंज गुनौर मुख्य मार्ग में वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। दोपहिया और चारपहिया वाहनों के आमने-सामने आने पर कई मिनटों तक यातायात पूरी तरह ठप हो जाता है। बुजुर्ग, मरीज और राहगीर रोजाना जाम की समस्या से जूझने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन और नगर परिषद को इस समस्या की जानकारी होने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। बाजार की सड़कों पर अतिक्रमण और दुकानों के बाहर सामान फैलाने से यातायात बाधित होने की समस्याएं आ रही है। नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो आने वाले दिनों में स्थिति और भी भयावह हो सकती है। त्योहारों और बाजार के व्यस्त दिनों में जाम कई मिंटो तक पहुंच जाता है, जिससे व्यापार और आमजन दोनों प्रभावित होते हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर प्रशासन कब जागेगा? जब सड़कें जनता के आवागमन के लिए हैं तो उन पर स्थायी कब्जा और अव्यवस्थित पार्किंग की अनुमति किसके संरक्षण में चल रही है? नगरवासियों ने मांग की है कि बाजार क्षेत्र में विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाए, पार्किंग की समुचित व्यवस्था की जाए और नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई हो।

## उद्घाटन से पहले ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा नवीन छात्रावास दीवारों में आईं दरारें, मौत का जाल बन चुकी है बिजली लाइन



**गुनौर।** सरकार जहां एक तरफ गरीब आदिवासी बच्चों की शिक्षा और उनके ठहरने के लिए लाखों-करोड़ों रुपए खर्च कर छात्रावास भवनों का निर्माण करा रही है, वहीं दूसरी तरफ गुनौर में भ्रष्टाचार और लापरवाही का एक बेहद गंभीर मामला सामने आया है। यहां नवनिर्मित छात्रावास भवन उद्घाटन से पहले ही जर्जर होने लगा है, जिससे विभाग के दावों और निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। गुनौर-डिघौरा मार्ग पर आदिवासी बस्ती के पास बना नवनिर्मित छात्रावास का मामला है। इस विशेष क्षेत्र में गरीब और वंचित वर्ग के बच्चों की सुविधा के लिए इस भवन का निर्माण कराया गया था, ताकि उन्हें पढ़ाई के लिए एक बेहतर माहौल मिल सके। लेकिन उद्घाटन से पहले ही यह पूरी इमारत विवादों और बदहाली के घेरे में आ गई है। नवीन छात्रावास का अभी उद्घाटन भी नहीं हुआ है, लेकिन इसकी दीवारों में अभी से बड़ी-बड़ी दरारें पड़ चुकी हैं। स्थानीय लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि ठेकेदार और संबंधित विभाग के अधिकारियों की कथित मिलीभगत और सांठगांठ के कारण निर्माण कार्य में जमकर लापरवाही बरती गई है। घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल की वजह से यह सरकारी भवन उद्घाटन से पहले ही ढहने की कगार पर पहुंचता दिख रहा है। वहीं जो 11 ज्ञट की हाईटेंशन विद्युत लाइन विशेष रूप से इसी छात्रावास को बिजली आपूर्ति देने के लिए बिछाई गई थी, वही अब साक्षात मौत का जाल बन गई है।' निर्माण कार्य के दौरान बरती गई लापरवाही का आलम यह है कि सड़क किनारे लाइन के पोल टूट चुके हैं और हाई-वोल्टेज तार ज़मीन पर लटक रहे हैं। 'बड़ा सवाल' आदिवासी बस्ती के पास और इस छात्रवास परिसर में जहां कल को गरीब छात्र रहकर अपनी पढ़ाई करेंगे, वहां बिजली के ये तार खुली मौत बनकर लटक रहे हैं। यह स्थिति किसी भी दिन एक बड़े और भयानक हादसे को अंजाम दे सकती है, लेकिन जिम्मेदार पूरी तरह बेपरवाह हैं।

### मूकदर्शक बना प्रशासन, भविष्य से खिलवाड़

लाखों रुपए की सरकारी राशि को ठिकाने लगाने का यह खेल अधिकारियों की नाक के नीचे चल रहा है, लेकिन स्थानीय प्रशासन इस पूरे मामले पर मूकदर्शक बना बैठा है। न तो निर्माण की जांच की जा रही है और न ही छात्रावास के लिए बिछाई गई इस खतरनाक लाइन को ठीक कराने की जहमत उठाई जा रही है। इस गंभीर लापरवाही को लेकर क्षेत्र के नागरिकों और प्रबुद्ध जनों में भारी आक्रोश है। प्रशासन से यह पुरजोर मांग की जा रही है कि छात्रावास की बिल्डिंग की तकनीकी जांच कराकर उसमें तुरंत सुधार कार्य कराया जाए। छात्रावास के लिए सड़क के किनारे बिछाई गई 11 ज्ञट की जानलेवा विद्युत लाइन और टूटे पोलों को तत्काल सुधारा जाए ताकि आदिवासी बस्ती और छात्रावास सुरक्षित हो सके एवं गरीब बच्चों के भविष्य और सरकारी पैसे के साथ खिलवाड़ करने वाले भ्रष्ट ठेकेदार और लापरवाह विभागीय अधिकारियों पर तुरंत कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाए। अगर समय रहते प्रशासन ने इस पर संज्ञान नहीं लिया, तो आने वाले समय में यहां किसी बड़े हादसे की जिम्मेदारी पूरी तरह शासन-प्रशासन की होगी।

## 11 केवी लाइन का तार टूटने से करंट की चपेट में आईं तीन भैंसें, मौके पर ही दर्दनाक मौत



छतरपुर। जिले के बमीठा थाना अंतर्गत ग्राम बसारी में विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते एक बड़ा हादसा सामने आया है। यहाँ मलखान यादव के खेत में चर रहीं तीन भैंसों के ऊपर अचानक 11केवी हाईटेंशन लाइन का चालू तार टूटकर गिर गया। करंट की तेज चपेट में आने से तीनों भैंसों की मौके पर ही तड़प-तड़पकर दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, पीड़ित किसान राजेश यादव की भैंसें हमेशा की तरह खेत में चर रही थीं, तभी शाम करीब चार बजे यह हादसा हुआ। पीड़ित किसान राजेश यादव के मुताबिक, मृत भैंसों की कीमत डेढ़ लाख रुपये से अधिक थी, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना के बाद पीड़ित किसान ने बमीठा थाने में आवेदन देकर मुआवजे और कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने आवेदन लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मुख्यमंत्री के मऊसहानियाँ में प्रस्तावित आगमन के संबंध में कलेक्टर ने किया निरीक्षण

*बुंदेल केसरी महाराजा छत्रसाल की जयंती पर विरासत महोत्सव का आयोजन 17 एवं 18 जून को*



छतरपुर। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का जिले के मऊसहानिया में 18 जून को आगमन प्रस्तावित है। इसी के मद्देनजर कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने मऊसहानिया में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में बैठक कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही मौका स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, एसडीएम जी.एस. पटेल सहित संबंधित अधिकारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे। संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन छतरपुर एवं महाराजा छत्रसाल महोत्सव विरासत समिति, मऊसहानियाँ के सहयोग से बुंदेलखण्ड केसरी महाराजा छत्रसाल की जयंती के अवसर पर लोकगायन, लोकनाट्य एवं संगीत केन्द्रित विरासत महोत्?सव का आयोजन 17 एवं 18 जून, 2026 को किया जा रहा है। महाराजा छत्रसाल स्मृति शोध संस्थान शौर्यपीठ, मऊसहानियाँ में आयोजित होने जा रहे इस प्रतिष्ठापूर्ण आयोजन में प्रदेश एवं देश के सुप्रसिद्ध कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। कार्यक्रम प्रतिदिन सायं 7 बजे से होगा, प्रवेश निःशुल्क होगा।

## बैंक ने स्टेडियम में लगाया स्वास्थ्य शिविर, वॉक करने पहुंचे लोगों की हुई निःशुल्क जांच



नौगांव। सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता निभाते हुए छतरपुर जिले के नौगांव शहर में केनरा बैंक के सहयोग से सोमवार सुबह नगर के राजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सुबह मॉर्निंग वॉक और व्यायाम के लिए स्टेडियम आने वाले लोगों ने इस शिविर का भरपूर लाभ उठाया, जिसमें बड़ी संख्या में युवा, बुजुर्ग और महिलाओं ने पहुंचकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। स्टेडियम परिसर में आयोजित इस शिविर में आने वाले नागरिकों का ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर सहित अन्य सामान्य स्वास्थ्य जांचें पूरी तरह निःशुल्क की गईं। जांच के साथ-साथ डॉक्टरों द्वारा उपस्थित लोगों को चिकित्सकीय सलाह और स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां भी प्रदान की गईं। नगरवासियों ने केनरा बैंक की इस जनहितैषी पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है। केनरा बैंक के शाखा प्रबंधक अनुराग शर्मा ने बताया कि बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में इस स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि बैंक केवल वित्तीय सेवाओं तक ही सीमित नहीं है, बल्कि समाज के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए भी निरंतर कार्य कर रहा है। बैंक की हमेशा यही मंशा रहती है कि प्रत्येक नागरिक स्वस्थ, जागरूक और खुशहाल जीवन जी सके।

## खजुराहो एयरपोर्ट पर मनाया गया यात्री सुविधा दिवस, यात्रियों का पारंपरिक स्वागत और महिला कर्मियों का सम्मान



खजुराहो। खजुराहो एयरपोर्ट पर सोमवार को यात्री सुविधा दिवस उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर एयरपोर्ट पहुंचे यात्रियों एवं बड़ी संख्या में आए देशी-विदेशी पर्यटकों का भारतीय परंपरा के अनुसार तिलक लगाकर एवं पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया गया। यात्रियों के प्रति सम्मान और सौहार्द की इस पहल की सभी ने सराहना की। कार्यक्रम के दौरान विमानन क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाली महिला कर्मियों को महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। वहीं विद्यार्थियों के लिए आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा और उत्साह का शानदार प्रदर्शन किया। खजुराहो एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन में राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया, जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति और गौरव की भावना से ओतप्रोत हो गया। साथ ही विद्यार्थियों के लिए 'करियर इन एविएशन कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें विमानन क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न रोजगार एवं करियर अवसरों की जानकारी दी गई। यात्री सुविधा दिवस के अवसर पर यात्रियों एवं हितधारकों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर और स्वास्थ्य परीक्षण का भी आयोजन किया गया। इस पहल के माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और बेहतर यात्री अनुभव सुनिश्चित करने के साथ सामुदायिक सहभागिता को भी प्रोत्साहित किया गया। खजुराहो एयरपोर्ट निदेशक संतोष सिंह के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम को एयरपोर्ट के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ जवानों ने सफल बनाया। सभी ने मिलकर यात्रियों के स्वागत-सत्कार में योगदान दिया। इस दौरान कई यात्री एयरपोर्ट परिसर में सेल्फी लेते नजर आए और उन्होंने इस विशेष आवभगत पर प्रसन्नता व्यक्त की।

## मकान की रजिस्ट्री: हाउसिंग बोर्ड का संभागीय लेखा अधिकारी को सागर लोकायुक्त ने रंगे हाथों पकड़ा




छतरपुर। मप्र गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के छतरपुर विभाग में पदस्थ एक घूसखोर संभागीय लेखा अधिकारी को सागर लोकायुक्त की विशेष टीम ने सोमवार को जाल बिछाकर रंगे हाथों दबोच लिया है। लोकायुक्त पुलिस ने इस कार्रवाई को योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया, जिसके चलते आरोपी अधिकारी को कार्यालय के भीतर ही पीड़ित से 4,000 की नगद रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह पूरी कार्रवाई छतरपुर निवासी रामनारायण शुक्ला की लिखित शिकायत पर की गई है। रामनारायण शुक्ला ने बताया कि उन्होंने छतरपुर के छत्रसाल नगर स्थित अमलतास हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में करीब डेढ़ साल पहले ईडब्ल्यूएस श्रेणी के दो मकान खरीदे थे। इनमें से एक मकान उनके बड़े भाई और दूसरा उनके छोटे भाई के नाम पर था। इन दोनों मकानों की रजिस्ट्री की वैधानिक कार्रवाई संभागीय लेखा अधिकारी के कार्यालय से होनी थी। रामनारायण का आरोप है कि वह पिछले डेढ़ साल से रजिस्ट्री कराने के लिए दफ्तर के चक्कर काट-काटकर परेशान हो चुका था, लेकिन हाउसिंग बोर्ड में पदस्थ संभागीय लेखा अधिकारी बीपी विश्वकर्मा द्वारा बिना लेन-देन के फाइल आगे बढ़ाने से साफ इनकार किया जा रहा था। आरोपी अधिकारी द्वारा दोनों मकानों की रजिस्ट्री करने के एवज में 6,000 की रिश्वत की मांग की जा रही थी। परेशान होकर पीड़ित ने मई महीने में सागर जाकर लोकायुक्त कार्यालय में इसकी गोपनीय शिकायत दर्ज करा दी। शिकायत मिलने के बाद लोकायुक्त कार्यालय सागर द्वारा मामले की प्राथमिक जांच कराते हुए आरोपी अधिकारी की वॉइस रिकॉर्डिंग और रिश्वत की मांग का सत्यापन कराया गया। सत्यापन के दौरान लोकायुक्त ने पाया कि संभागीय लेखा अधिकारी बीपी विश्वकर्मा द्वारा वास्तव में 6,000 की रिश्वत मांगी गई और बाद में 4,000 में बात तय की।

सत्यापन रिपोर्ट सही पाए जाने पर लोकायुक्त सागर संभाग की इंस्पेक्टर मंजू किरण तिर्की के नेतृत्व में एक विशेष ट्रैप टीम का गठन किया गया। तय रणनीति के मुताबिक, सोमवार को शिकायतकर्ता रामनारायण शुक्ला केमिकल लगे हुए 4,000 के नोट लेकर हाउसिंग बोर्ड कार्यालय पहुंचे। जैसे ही रामनारायण ने केबिन में बैठकर आरोपी बीपी विश्वकर्मा को रिश्वत की रकम थमाई और अधिकारी ने नोट स्वीकार कर अपनी जेब में डाले, वैसे ही बाहर इशारा पाते ही पहले से मुस्तैद लोकायुक्त की टीम ने दबिश दे दी। लोकायुक्त के अधिकारियों ने आरोपी को मौके पर ही दबोच लिया और जब उनके हाथ धुलवाए गए, तो वे केमिकल के कारण पूरी तरह गुलाबी हो गए। कार्यवाही के संबंध में जानकारी देते हुए लोकायुक्त सागर संभाग की इंस्पेक्टर मंजू किरण तिर्की ने बताया कि 26 मई 2026 को रामनारायण शुक्ला द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी। कार्यालय द्वारा कराए गए सत्यापन में डिमांड की पुष्टि हुई, जिसके आधार पर आज आरोपी को 4,000 की रिश्वत लेते हुए कार्यालय में ही रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। लोकायुक्त की टीम ने आरोपी अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विभिन्न संगीन धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। टीम द्वारा हाउसिंग बोर्ड कार्यालय के आवश्यक दस्तावेजों, कंप्यूटर डेटा और संबंधित फाइलों को भी सघन जांच के दायरे में ले लिया गया है।



## खजुराहो में करंट से झुलसा विक्षिप्त युवक; आरपीएफ की मुस्तैदी से बची जान, जिला अस्पताल रेफर

खजुराहो में रेलवे सुरक्षा बल ने एक बार फिर मानवीय संवेदना और त्वरित कार्रवाई का परिचय देते हुए करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हुए एक अज्ञात विक्षिप्त युवक की जान बचाई है। आरपीएफ जवानों ने सूझबूझ दिखाते हुए समय रहते युवक को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है।जानकारी के अनुसार, खजुराहो स्टेशन क्षेत्र में एक करीब 28-30 वर्षीय अज्ञात विक्षिप्त युवक अचानक करंट लगने के कारण गंभीर रूप से झुलस गया था। युवक की हालत अत्यंत नाजुक देख मौके पर मौजूद आरपीएफ की टीम ने बिना एक पल गंवाए तत्काल एक्शन लिया और आपातकालीन एम्बुलेंस सेवा 108 व 112 को सूचित किया। सूचना मिलते ही शाम करीब सवा छः बजे एम्बुलेंस तत्काल मौके पर पहुंची और आरपीएफ जवानों ने महज 5 मिनट के भीतर घायल युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बमीठा रवाना किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बमीठा के ऑन-ड्यूटी डॉक्टर द्वारा युवक को प्राथमिक उपचार देने के बाद, उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए तुरंत जिला अस्पताल छतरपुर रेफर कर दिया गया। चूंकि घायल युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त प्रतीत हो रहा है, इसलिए फिलहाल उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। आरपीएफ प्रशासन द्वारा आसपास के क्षेत्रों और थानों में उसकी पहचान स्थापित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## सोमवती अमावस्या पर मतंगेश्वर महादेव मंदिर में उमड़ा जनसैलाब



खजुराहो। सोमवती अमावस्या के पावन पर्व पर आज अंतरराष्ट्रीय पर्यटन नगरी खजुराहो के सुप्रसिद्ध मतंगेश्वर महादेव मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। अलसुबह से ही भगवान मतंगेश्वर के दर्शन और पूजन के लिए बुंदेलखंड सहित दूर-दराज के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु धाम पहुंचने लगे थे। भक्तों ने कतारबद्ध होकर भगवान भोलेनाथ का पूर्ण श्रद्धाभाव से जलाभिषेक किया, विशेष पूजा-अर्चना की और अपने परिवार की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। इस पावन अवसर पर विशेष रूप से महिलाओं ने व्रत रखकर श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मतंगेश्वर महादेव की 108 परिक्रमा लगाई तथा भगवान शिव को प्रसादी अर्पित कर सुखद वैवाहिक जीवन की प्रार्थना की।

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए खजुराहो नगर परिषद और स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा व सुविधा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रसिद्ध शिवसागर तालाब घाट पर व्यापक साफ-सफाई व्यवस्था खजुराहो नगर परिषद सीएमओ बसंत चतुर्वेदी एवं नगर परिषद अध्यक्ष अरुण कुमार उर्फ पप्पू अवस्थी के निर्देशन में कराई गई, जिससे घाटों पर श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। वहीं, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए खजुराहो एसडीओपी मनमोहन बघेल एवं थाना प्रभारी नंद किशोर सोलंकी पुलिस बल के साथ पूरे समय मंदिर परिसर और आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों में मुस्तैद रहे। प्रशासन की इस सक्रियता के चलते हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने बेहद सुगमता और शांतिपूर्ण ढंग से भगवान मतंगेश्वर के दर्शन लाभ प्राप्त किए।

## विकलांगता का हवाला देकर पत्नी को छोडऩे की धमकी, महिला ने एसपी कार्यालय में लगाई न्याय की गुहार



छतरपुर। पति द्वारा लगातार प्रताड़ित किए जाने और छोडऩे की धमकी देने से परेशान एक महिला ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी करीब छह वर्ष पूर्व चकेश यादव के साथ हुई थी। दंपति का एक चार वर्षीय पुत्र भी है।

महिला का आरोप है कि शादी के बाद से ही उसका पति उसके साथ मारपीट करता है तथा आए दिन गाली-गलौज कर मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करता है। हालांकि परिवार की प्रतिष्ठा और घरेलू मामलों को देखते हुए उसने आज तक किसी थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई। पीड़िता ने बताया कि वह शादी से पहले से ही दिव्यांग है और इस बात की जानकारी उसके पति एवं ससुराल पक्ष को थी। इसके बावजूद अब उसका पति उसकी दिव्यांगता का हवाला देकर उसे छोडऩे की बात कर रहा है, जिससे वह काफी परेशान और असुरक्षित महसूस कर रही है। महिला ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अपनी आपबीती सुनाई और पति के खिलाफ उचित कार्रवाई करते हुए उसे न्याय दिलाने की मांग की है। पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

**एचडीएफसी एटीएम में फेवीक्विक लगाकर कार्ड चिपकाया**

## पीडब्ल्यूडी कर्मचारी के खाते से 62 हजार पार; सीसीटीव्ही में कैद हुए 3 संदिग्ध बदमाश



छतरपुर। छतरपुर शहर के जवाहर रोड पर एटीएम ठगी का एक बेहद शातिर और सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां बदमाशों ने एटीएम मशीन के कार्ड स्लॉट में फेवीक्विक लगाकर लोक निर्माण विभाग के एक कर्मचारी का एटीएम कार्ड फंसा दिया और फिर चालाकी से उनके खाते से 62,608 रुपये की नकदी पार कर दी। पीड़ित कर्मचारी ने इस डिजिटल ठगी की लिखित शिकायत सिटी कोतवाली पुलिस और संबंधित एचडीएफसी बैंक प्रबंधन से की है। पुलिस ने मामले को जांच में लेते हुए एटीएम बूथ के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नया मोहल्ला चौराहा छतरपुर के रहने वाले रमेश कुमार श्रीवास, जो कि लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में सहायक ग्रेड-3 के पद पर पदस्थ हैं, बीती रात करीब 8:50 बजे जवाहर रोड स्थित बुंदेलखंड गैरेज के पास लगे एचडीएफसी बैंक के एटीएम से नकदी निकालने पहुंचे थे। रमेश कुमार ने जैसे ही अपना कार्ड मशीन के स्लॉट में डाला, वह भीतर ही अटक गया। दरअसल, उनसे पहले वहां मौजूद तीन अज्ञात शातिर बदमाशों ने साजिश के तहत मशीन के स्लॉट में फेवीक्विक डाल रखा था, जिससे कार्ड अंदर जाते ही चिपक गया। कार्ड फंसने पर बाहर खड़े वही तीन बदमाश मदद के बहाने अंदर आए और लोहे के प्लास की मदद से कार्ड निकालने का ढोंग करने लगे। जब कार्ड बाहर नहीं निकला तो रमेश कुमार ने एटीएम कक्ष की दीवार पर चस्पा एक कथित कस्टमर केयर नंबर पर कॉल किया। फोन उठाने वाले अज्ञात ठग ने उन्हें झांसे में लेकर बातों-बातों में कार्ड का गुप्त पिन नंबर पूछ लिया। जब पीड़ित ने वहां तैनात सुरक्षा गार्ड से इस नंबर की सत्यता जाननी चाही, तो गार्ड ने स्पष्ट किया कि बैंक द्वारा एटीएम बूथ पर ऐसा कोई भी अधिकृत नंबर चस्पा नहीं किया गया है। गार्ड की बात सुनकर जब तक रमेश कुमार कुछ समझ पाते, तब तक सफेद रंग की चार पहिया गाड़ी से आए वे तीनों संदिग्ध बदमाश पीड़ित के खाते से 62,608 रुपये का ट्रांजैक्शन कर वहां से रफूचक्कर हो चुके थे। हैरानी की बात यह रही कि ठगों ने संभवतः पीड़ित के बैंक खाते से जुड़े अलर्ट सिस्टम को ब्लॉक कर दिया था, जिसके कारण राशि आहरण (विड्रॉल) होने का कोई भी मैसेज पीड़ित रमेश कुमार के मोबाइल पर तुरंत नहीं आया। अगले दिन सुबह जब उन्हें अनहोनी की आशंका हुई, तो उन्होंने मुख्य बैंक शाखा पहुंचकर अपनी पासबुक में एंट्री कराई, तब जाकर उन्हें खाते से इतनी बड़ी रकम साफ होने की हैरान करने वाली जानकारी मिली।

एटीएम बूथ और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज में सफेद कार और तीनों संदिग्ध बदमाश साफ तौर पर दिखाई दे रहे हैं। बैंक प्रबंधन ने सुरक्षा कारणों से फुटेज सीधे मुझे न देकर कोतवाली पुलिस को सौंप दिए हैं। रमेश कुमार श्रीवास ने पुलिस के आला अधिकारियों से आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग करते हुए आम नागरिकों से भी एटीएम का उपयोग करते समय अत्यधिक सतर्क रहने की अपील की है। सिटी कोतवाली पुलिस हुलिए के आधार पर अंतरराज्यीय ठग गिरोह के सुराग तलाशने में जुटी है।



## व्हाट्सएप मैसेज के जरिए नौकरी से निकाले जाने पर भड़के व्यावसायिक प्रशिक्षक, कलेक्टर को सौंपा शिकायती पत्र

छतरपुर। मध्य प्रदेश के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में बच्चों का भविष्य संवार रहे व्यावसायिक प्रशिक्षकों के सब्र का बांध अब टूट गया है। पिछले 9-10 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे सैकड़ों व्यावसायिक प्रशिक्षकों को बिना किसी लिखित या आधिकारिक आदेश के, महज एक व्हाट्सएप मैसेज के जरिए नौकरी से बाहर कर दिया गया है। इस तानाशाही और भेदभावपूर्ण रवैये के खिलाफ गुस्साए प्रशिक्षकों ने छतरपुर कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री और शासन के नाम एक शिकायती आवेदन सौंपा है। कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन के दौरान व्यावसायिक प्रशिक्षक संघ के प्रतिनिधि भारतेंदु नायक ने प्रशासन और मीडिया के सामने अपनी पीड़ा व्यक्त की। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश के शासकीय स्कूलों में स्किल बेस्ड ट्रेनिंग देने वाले इन शिक्षकों के साथ लंबे समय से मानसिक और आर्थिक भेदभाव किया जा रहा है। प्रशिक्षक पिछले 9 से 10 वर्षों से बिना किसी वेतन वृद्धि के एक ही मानदेय पर काम करने को मजबूर हैं। इसके बावजूद, इस बार भी बिना किसी ठोस कारण या लिखित आदेश के, केवल व्हाट्सएप ग्रुप पर मैसेज डालकर उन्हें अचानक सेवाओं से पृथक कर दिया गया। भारतेंदु नायक ने कहा कि हम स्कूलों में बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने और उनका भविष्य सुरक्षित करने के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं, लेकिन शासन ने हमारा खुद का भविष्य अंधकार में धकेल दिया है। अचानक नौकरी से निकाले जाने के कारण सैकड़ों परिवारों के सामने भरण-पोषण और जीवन यापन का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। प्रशिक्षकों ने जिला प्रशासन के माध्यम से सरकार से मांग की है कि उनके लिए एक स्थायी और ठोस नीति का निर्धारण किया जाए। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि उनकी बहाली और स्थायी नीति को लेकर जल्द निर्णय नहीं लिया गया, तो वे उग्र आंदोलन के लिए विवश होंगे।

## आर्मी अधिकारियों पर नगरवासियों के गंभीर आरोप, निर्माण रोकने की धमकी से दहशत; पीएम और राष्ट्रपति से गुहार



छतरपुर जिले के नौगांव शहर की सीताराम कॉलोनी, जेल कॉलोनी, गायत्री कॉलोनी एवं शिकारपुरा रोड क्षेत्र के रहवासियों ने बीती शाम एक प्रेस वार्ता आयोजित कर आर्मी कैंट क्षेत्र के कुछ अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। क्षेत्र के नागरिकों का कहना है कि आर्मी क्षेत्र से सटी राजस्व भूमि पर अपनी वैध जमीनों पर निर्माण कार्य कराने के दौरान उन्हें अनावश्यक रूप से प्रताड़ित और परेशान किया जा रहा है।

प्रेस वार्ता में स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि जब वे राजस्व अभिलेखों, नगर पालिका की वैध अनुमति तथा न्यायालय के आदेशों के आधार पर अपने मकानों का निर्माण कराते हैं, तब कुछ आर्मी अधिकारी बिना किसी ठोस आधार के निर्माण कार्य रुकवाने पहुंच जाते हैं। रहवासियों का आरोप है कि उन्हें जेसीबी से निर्माण तोडऩे की धमकी दी जाती है और उन पर मानसिक दबाव बनाया जाता है। इस संबंध में स्थानीय पुलिस, एसडीएम और जिला प्रशासन को भी शिकायतें दी गई हैं, लेकिन अब तक कोई संतोषजनक समाधान नहीं मिला है। पीड़ित नागरिकों ने कहा कि उन्होंने जीवनभर की गाढ़ी कमाई से लाखों रुपये के प्लॉट खरीदे हैं और कई लोगों की तो दीवारें भी खड़ी हो चुकी हैं। ऐसे में निर्माण रुकने से वे बर्बाद होने की कगार पर हैं। रहवासियों ने साफ किया कि वे भारतीय सेना का दिल से सम्मान करते हैं, लेकिन कुछ अधिकारी उनके साथ गलत कर रहे हैं। प्रेस वार्ता में कुछ अधिकारियों पर पैसे के लेनदेन की बात करने और कुछ लोगों से पैसे लेने के भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। नागरिकों ने देश के राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री से मामले की निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच कराने तथा अपनी निजी राजस्व भूमि पर वैधानिक रूप से किए जा रहे निर्माण कार्यों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

गौरतलब है कि नौगांव का एक बड़ा हिस्सा आर्मी कैंट क्षेत्र से लगा हुआ है और भूमि अधिकारों को लेकर समय-समय पर विवाद सामने आते रहे हैं। इस पूरे मामले में पक्ष जानने के लिए आर्मी के संबंधित अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे संपर्क स्थापित नहीं हो सका।

## सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्टों के खिलाफ अधिवक्ताओं का फूटा गुस्सा, जिला जज को सौंपा



छतरपुर। सोशल मीडिया पर बिना किसी प्रमाण के न्यायालय और न्यायिक प्रक्रिया पर अनर्गल टिप्पणी करने वालों के खिलाफ छतरपुर के अधिवक्ताओं ने मोर्चा खोल दिया है। अधिवक्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविंदर सिंह से मुलाकात कर एक शिकायती ज्ञापन सौंपा है। अधिवक्ताओं ने मांग की है कि बिना साक्ष्य के भ्रामक और गरिमा गिराने वाली पोस्ट सोशल मीडिया पर डालने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ तत्काल प्रभाव से एफआईआर दर्ज कर कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाए। मामले की जानकारी देते हुए अधिवक्ता रवि पांडे ने बताया कि इन दिनों छतरपुर शहर में ओरछा रोड थाना क्षेत्र का एक मामला चर्चा में है, जिसमें राजेश अग्रवाल नाम के एक युवक द्वारा की गई थी। इस मामले में ओरछा रोड पुलिस ने आत्महत्या के दुष्प्रेरण का अपराध कायम किया है और आरोपियों की जमानत याचिका पर न्यायालय में सुनवाई होनी है। आरोप है कि पिछले दो-तीन दिनों से सोशल मीडिया पर कुछ लोगों द्वारा लगातार भ्रामक कमेंट्स किए जा रहे हैं कि न्यायालय में जमानत के निराकरण के लिए- 35 लाख रुपये में डील होने और खान बाबू द्वारा सांठ-गांठ कराए जाने की अनर्गल बातें फेसबुक पर लिखी जा रही हैं। अधिवक्ताओं ने साफ किया कि ये तमाम आरोप पूरी तरह निराधार, काल्पनिक और बिना किसी प्रमाण के हैं, जिनका उद्देश्य केवल और केवल न्यायालय को भ्रमित करना और न्यायपालिका की छवि को दूषित करना है। जब मीडिया द्वारा पूछा गया कि क्या अदालत में कोई खान बाबू हैं? तो अधिवक्ता रवि पांडे ने कहा कि अदालत में कई खान बाबू कार्यरत हैं, लेकिन सोशल मीडिया पोस्ट में किसी का स्पष्ट नाम नहीं लिखा गया है। अधिवक्ताओं की इस गंभीर शिकायत पर संज्ञान लेते हुए माननीय जिला न्यायाधीश ने पूरे मामले की पुलिस से जांच कराने के आदेश जारी कर दिए हैं। पुलिस जांच के बाद इस मामले में शामिल दोषियों पर कानून का शिकंजा कसना तय माना जा रहा है। मामले में चल रही देरी पर स्थिति स्पष्ट करते हुए अधिवक्ता ने बताया कि आज न्यायालय में प्रतिवेदन आया था कि विवेचना अधिकारी किसी अन्य शासकीय कार्य से बाहर गए हुए हैं, जिस कारण केस डायरी समय पर न्यायालय में पेश नहीं हो सकी और मामले में तर्क नहीं हो सके। यह पूरी तरह से एक सामान्य न्यायालयीन प्रक्रिया है जिसका उल्लेख आदेश पत्रिका में होता है, लेकिन इसे तोड़-मरोड़कर भ्रष्टाचार का रूप देना बेहद निंदनीय है।

## डीजी, डीजीएमएस उज्ज्वलता की अध्यक्षता में हुई एनसीएल की 48वीं त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक



सिंगरौली। नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) मुख्यालय में सोमवार को 48वीं त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महानिदेशक, डीजीएमएस उज्ज्वल ता ने की। इस अवसर पर उप महानिदेशक, डीजीएमएस (उत्तरी क्षेत्र), गाजियाबाद नीरज कुमार, सीएमडी एनसीएल बी. साईराम, निदेशक (मानव संसाधन) मनीष कुमार, निदेशक (तकनीकी) आशुतोष द्विवेदी, डीएमएस (खनन), वाराणसी क्षेत्र रघुपति पेद्दिरेड्डी, डीएमएस (मैकेनिकल), उत्तरी क्षेत्र, गाजियाबाद के. विजयकुमार, डीएमएस (इलेक्ट्रिकल), उत्तरी क्षेत्र, गाजियाबाद वी बेहरा , डीडीएमएस (इलेक्ट्रिकल) सुनील बी योहनान, शर्मा रंजन, अनिल जैन एवं डीडीएमएस (मैकेनिकल) अनिल चौधरी सहित डीजीएमएस के अन्य प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। बैठक में श्रमिक संघ जेसीसी सदस्य अजय कुमार, श्री श्यामधर दुबे, लाल पुष्पराज सिंह , अशोक कुमार पांडेय, सीएमओएआई के अध्यक्ष एस.के. पांडे एवं महासचिव सर्वेश सिंह, सेफ्टी बोर्ड के सदस्यगण , सभी क्षेत्रों के महाप्रबंधक तथा मुख्यालय के विभागाध्यक्ष भी सम्मिलित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए डीजी, डीजीएमएस उज्ज्वल ता ने एनसीएल को वित्त वर्ष 2025-26 में उत्पादन लक्ष्यों की पूर्ति हेतु व राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा में अभूतपूर्व योगदान देने हेतु बधाई दी । उन्होंने अनुशासनयुक्त कार्य संस्कृति को सुरक्षा का मूल मंत्र बताया ।

उप महानिदेशक, डीजीएमएस (उत्तरी क्षेत्र), गाजियाबाद नीरज कुमार ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि नए दृष्टिकोण के साथ प्राप्त सुझाव सुरक्षा प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण हैं तथा उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट कार्ययोजना, दृढ़ इच्छाशक्ति और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण पर बल दिया । इस अवसर पर अपने उद्बोधन में सीएमडी एनसीएल बी. साईराम ने विद्युत सुरक्षा को सुदृढ़ करने तथा संविदा कर्मियों के लिए उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं को और सशक्त बनाने पर बल दिया। इस दौरान उन्होंने सीएचपी की संरचनात्मक स्थिरता के नियमित आकलन,विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों, ओईएम प्रशिक्षण जैसी एनसीएल की पहलों का जिक्र किया । इस दौरान डीजीएमएस के अधिकारियों एवं श्रमिक संघ प्रतिनिधियों ने भी सुरक्षा में निरंतर सुधार संबंधी अपने सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक में एक विस्तृत सुरक्षा प्रतिवेदन भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें पिछली बैठक के अनुपालन प्रतिवेदन के साथ एनसीएल खदानों में सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु किए जा रहे विभिन्न कार्यों की जानकारी दी गई।

### बैठक में शून्य क्षति दक्षता प्राप्त करने हेतु सुरक्षा शपथ भी दिलाई गई

बैठक से पूर्व राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए शहीद हुए श्रमिक साथियों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का समन्वय एवं अतिथियों का स्वागत महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं बचाव) आर.एस. भदौरिया द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (ई एंड एम) डी दंडोतिया द्वारा किया गया।




## एनटीपीसी विंध्याचल को मिला पर्यावरणीय उत्कृष्टता के लिए प्लेटिनम सम्मान

सिंगरौली। एनटीपीसी विंध्याचल को पर्यावरण संरक्षण एवं सतत ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए आयोजित द्वितीय ग्रीन एनवायरो एनवायरनमेंट एक्सीलेंस अवार्ड्स में प्लेटिनम अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान एनटीपीसी विंध्याचल की पर्यावरणीय प्रबंधन एवं हरित विकास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार श्री संजय प्रकाश यादव, अपर महाप्रबंधक (ईएमजी) ने पद्मश्री से सम्मानित एवं "फॉरेस्ट मैन ऑफ इंडिया" के नाम से प्रसिद्ध श्री जादव पायेंग के कर कमलों से 12 जून 2026 को गुवाहाटी में आयोजित समारोह के दौरान प्राप्त किया। यह उपलब्धि एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग तथा हरित पहल को बढ़ावा देने के निरंतर प्रयासों की पहचान है। यह सम्मान स्टेशन की पर्यावरणीय उत्कृष्टता की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है तथा भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करेगा।

## गहोई सेवा क्लब के समर कैंप में बच्चे सीख रहे डांस-ड्राइंग जैसी विविध कलाएं



छतरपुर।

गहोई सेवा क्लब छतरपुर द्वारा सामाजिक सरोकार के तहत स्वजातीय बच्चों के लिए समर कैंप का शानदार और सफल संचालन किया जा रहा है। हटवारा स्थित राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त इंग्लिश स्कूल में आयोजित इस कैंप में 5 से 13 वर्ष तक की आयु के लगभग 50 छात्र-छात्राएं प्रतिदिन सुबह 8:00 बजे से 10:30 बजे तक विभिन्न कलाओं का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। बच्चों को कला सिखाने के साथ-साथ प्रतिदिन दिए जा रहे स्वल्पाहार ने कैंप के प्रति बच्चों की रोचकता को दोगुना कर दिया है।

इस समर कैंप के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए अनुभवी शिक्षकों द्वारा डांस, ड्राइंग और आर्ट एंड क्राफ्ट का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। गहोई सेवा क्लब के सदस्यों ने निर्णय लिया है कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हर वर्ष स्वयं की सहयोग राशि से इस समर कैंप का आयोजन किया जाएगा, जिसकी शुरुआत वर्ष 2026 के इस पहले आयोजन से हो चुकी है। समर कैंप को सफल बनाने में क्लब के सदस्य जयदीप बृजपुरिया, राजेश पंसारी, संजय बृजपुरिया, दुर्गेश गुप्ता, अजय खरया, सोमेश गुप्ता, जीतू अभिनव बरसैयां, सौरभ रावत, विकास सरावगी, श्रीमती भावना नगरिया, श्रीमती रश्मि खारया, श्रीमती प्रिया रावत, श्रीमती श्वेता कटारे और श्रीमती राधिका पंसारी सहित सभी सदस्य जुटे हुए हैं। क्लब ने समस्त स्वजातीय बंधुओं से अपील की है कि वे कैंप अवधि के दौरान विद्यालय आकर बच्चों का उत्साहवर्धन करें।

बीते 4 जून से शुरू हुआ यह समर कैंप आगामी 18 जून तक निरंतर जारी रहेगा। इसके बाद, कैंप का भव्य समापन समारोह 21 जून 2026 को गहोई धाम में गरिमामय तरीके से आयोजित किया जाएगा। समापन के अवसर पर गहोई सेवा क्लब द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जा रहा है। क्लब ने सभी स्वजातीय बंधुओं से समापन समारोह में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर कार्यक्रम को सफल बनाने और बच्चों का हौसला बढ़ाने का अनुरोध किया है।

## सीएम हेल्पलाइन में 18 जून तक 85 वेटेज स्कोर प्राप्त करें - कलेक्टर

# जनकल्याण शिविर में लापरवाही बरतने वालों पर होगी कार्रवाई

**रीवा। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कहा कि जनकल्याण शिविर में सभी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों के आवेदन पत्र भरवाएं। प्रतिदिन आमजनता से प्राप्त आवेदन पत्रों को भी इसमें दर्ज करें। नगर निगम रीवा में शिविरों के माध्यम से स्वनिधि योजना के पात्र सभी हितग्राहियों के आवेदन दर्ज कराएं। यहाँ हजारों लोग छोटे-छोटे व्यवसाय कर रहे हैं।**



सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारी भी स्वनिधि योजना के आवेदन भरवाएं। अग्रणी बैंक प्रबंधक इन आवेदन पत्रों को स्वीकृति दिलाकर हितग्राहियों को ऋण राशि का वितरण कराएं। एसडीएम जनकल्याण शिविरों में आवेदन पत्रों के दर्ज होने और निराकरण की मानीटरिंग करें। आवेदन पत्रों का निराकरण पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। जनकल्याण शिविरों में लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में सभी अधिकारी 50 दिन से अधिक समय से लंबित आवेदनों को निराकृत कराएं। इसमें संभागीय स्तर के एल-3 अधिकारियों के पास लंबित प्रकरणों का भी शत-प्रतिशत निराकरण करें। सीएम हेल्पलाइन में प्रकरण के नान अटेंडेंड रहने पर संबंधित अधिकारी के वेतन काटने की कार्रवाई की जाएगी। सभी अधिकारी प्रकरणों के निराकरण का संतुष्टि प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास करें। सीएम हेल्पलाइन में 18 जून तक 85 प्रतिशत वेटेज अंक अनिवार्य रूप से प्राप्त करें। कलेक्टर ने प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर वन, उद्यानिकी, आयुष तथा पिछड़ावर्ग के अधिकारियों को नोटिस देने के निर्देश दिए। सभी एसडीएम और तहसीलदार सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। कलेक्टर ने कहा कि 70 से कम वेटेज अंक वाले जनपद के सीईओ तथा सीएमओ को भी कारण बताओ नोटिस दें। कलेक्टर ने कहा कि सभी फाइलें और पत्र ई आफिस से ही भेजें। अभी भी जनपदों तथा तहसीलों में ई आफिस के माध्यम से बहुत कम फाइलों का मूवमेंट हुआ है। सभी तहसीलदार और जनपद के सीईओ इस पर विशेष ध्यान दें। जिला आपूर्ति अधिकारी गेंहू उपार्जन की अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करें। मिशन कर्मयोगी के तहत सभी अधिकारी और कर्मचारी ऑनलाइन प्रशिक्षण अवश्य लें। कार्यालय प्रमुख तीन दिन में प्रशिक्षण की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बैठक में कलेक्टर ने खराब हैण्डपंपों के सुधार, खाद और बीज के वितरण, प्राकृतिक खेती के बढ़ावा देने के प्रयासों तथा कलेक्टर कान्फ्रेंस के एजेंडा बिन्दुओं पर तत्परता से कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया तथा वर्षाजनित रोगों से बचाव के संबंध में किए गए प्रबंधों की जानकारी दी गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में एसडीएम, तहसीलदार, जनपद के सीईओ एवं सीएमओ वीडियो कान्फ्रेंसिंग से शामिल हुए।

# शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जन कल्याण शिविरों का आयोजन



**रीवा**। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में शासन के निर्देशों के अनुरूप 12 जून से 18 जून तक जनकल्याण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शहरी क्षेत्र के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा ग्रामीण क्षेत्र के लिए संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को शिविर का नोडल अधिकारी बनाया गया है। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने निर्देश दिये हैं कि शिविर में शासन की विभिन्न योजनाओं के छूटे हुए पात्र हितग्राहियों के आवेदन पत्र भरवाकर उन्हें योजनाओं से अनिवार्यतः लाभान्वित करें। शिविरों के माध्यम से शासन की प्रमुख योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी दी जा रही है। शिविर में आमजनता से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों को संबंधित विभागों के माध्यम से सात दिन की समय सीमा में निराकृत करने की व्यवस्था भी की गई है। शिविरों में जिला और खण्ड स्तर के सभी अधिकारी शामिल हुए। शिविरों में प्रधानमंत्री किसान कल्याण योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, वय वंदना योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना तथा अन्य योजनाओं के पात्र हितग्राहियों के आवेदन पत्र भरवाएं। सिरमौर में आयोजित जनकल्याण शिविर में 812 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 737 आवेदनों का निराकरण किया गया। एक आवेदन निरस्त किया गया तथा शेष 74 आवेदनों में कार्यवाही के निर्देश दिये गये। इसी प्रकार नगर परिषद सिरमौर में आयोजित शिविर में 48 हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त हुए।

**पत्नी और बच्चों के साथ नागपुर से प्रयागराज जा रहा था जवान, ढाबे पर बस रुकते ही चोरों ने किया हाथ साफ**

# बस में सवार सीआरपीएफ जवान के बैग से 15 लाख के जेवर चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

**रीवा**। जिले के गढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे स्थित एक ढाबे में खड़ी यात्री बस में चोरी की वारदात सामने आई है। बस में सफर कर रहे एक सीआरपीएफ जवान के बैग से करीब 15 लाख रुपए मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए गए। पूरी घटना बस में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपियों की पहचान और तलाश में जुट गई है। जानकारी के अनुसार पीड़ित सीआरपीएफ जवान अपने परिवार के साथ नागपुर से प्रयागराज जा रहे थे। यात्रा के दौरान रीवा जिले के गढ़ थाना क्षेत्र में स्थित एक ढाबे पर बस रुकी। इस दौरान अधिकांश यात्री बस से उतरकर भोजन और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए बाहर चले गए। जवान भी अपनी पत्नी और बेटी के साथ बस से नीचे उतर गए, जबकि उनका चार वर्षीय पुत्र सीट पर सो रहा था।जवान जब वापस बस में पहुंचे तो उन्होंने देखा कि उनका बैग खुला हुआ है और उसमें रखा सामान बिखरा पड़ा है। जांच करने पर पता चला कि बैग में रखे लगभग 9 तोला सोने के आभूषण सहित चांदी के अन्य कीमती जेवर गायब हैं। चोरी गए जेवरों की कुल कीमत लगभग 15 लाख रुपए बताई जा रही है। घटना का पता चलते ही बस में हड़कंप मच गया। पीड़ित परिवार ने तत्काल इसकी सूचना बस संचालक और पुलिस को दी। बाद में गढ़ थाने पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। घटना की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी बस में लगा सीसीटीवी कैमरा साबित हुआ है। फुटेज में स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि दो से तीन संदिग्ध व्यक्ति बस के आसपास मंडरा रहे हैं। एक महिला और एक पुरुष बस के गेट के पास खड़े होकर निगरानी करते दिखाई दे रहे हैं, जबकि एक अन्य व्यक्ति बस के अंदर प्रवेश कर बैग की तलाशी लेता नजर आ रहा है। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने कैमरे को बाधित करने का प्रयास भी किया, लेकिन इसके बावजूद उनके चेहरे कैमरे में कैद हो गए। फुटेज में संदिग्धों की गतिविधियां स्पष्ट दिखाई दे रही हैं।गढ़ थाना पुलिस ने जवान की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस बस में लगे सीसीटीवी फुटेज की बारीकी से जांच कर रही है और आरोपियों की पहचान के लिए आसपास के क्षेत्रों के कैमरों की भी पड़ताल की जा रही है। वही हाईवे पर सक्रिय अंतरराज्यीय चोरी गिरोहों के एंगल से भी मामले की जांच की जा रही है।







**100 से अधिक महिलाओं से निवेश के नाम पर वसूली, कुछ महिला नेत्रियों की भूमिका भी जांच के घेरे में**

# पैसा डबल करने का झांसा देकर 8 करोड़ की ठगी करने वाले स्कूल संचालक दंपती पर मामला दर्ज

**रीवा।**

शहर में निवेश पर रकम दोगुनी करने का लालच देकर करोड़ों रुपये की ठगी करने के बहुचर्चित मामले में पुलिस ने आखिरकार स्कूल संचालक दंपती के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। प्रारंभिक जांच में करीब 8 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपी आकला सुल्ताना उर्फ नंदा और उसके पति असलम के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार यह मामला तब सुर्खियों में आया था, जब शहर और आसपास के क्षेत्रों की 100 से अधिक महिलाओं ने निवेश के नाम पर अपनी जमा-पूंजी स्कूल संचालिका आकला सुल्ताना को सौंप दी थी। महिलाओं को भरोसा दिलाया गया था कि निर्धारित अवधि में उनकी राशि दोगुनी कर वापस कर दी जाएगी। शुरुआत में कुछ लोगों को भुगतान कर विश्वास कायम किया गया, लेकिन बाद में निवेशकों को न तो मूलधन मिला और न ही लाभांश। मामले में ठगी का शिकार हुई महिलाओं ने पहले संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन कार्रवाई में देरी होने पर बड़ी संख्या में महिलाएं पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचीं और धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान पीड़ितों ने पुलिस को बैंक लेनदेन से जुड़े दस्तावेज, चेक, रसीदें और अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य भी सौंपे थे। जांच के दौरान करोड़ों रुपये के वित्तीय लेनदेन से जुड़े दस्तावेज सामने आए हैं। पीड़ित महिलाओं द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों और बैंक रिकॉर्ड के परीक्षण के बाद यह स्पष्ट हुआ कि निवेश योजना के नाम पर बड़े पैमाने पर धन एकत्र किया गया था। जांच में अब तक लगभग 8 करोड़ रुपये की ठगी की पुष्टि हुई है, हालांकि पीड़ितों की संख्या और सामने आने वाले नए तथ्यों के आधार पर यह राशि और बढ़ सकती है। फिलहाल अभी आरोपी पति पत्नी फरार हैं उनकी तलाश पुलिस अब कररही है।

### महिला नेत्रियों के नाम भी आए सामने

इस बहुचर्चित प्रकरण में कुछ महिला नेत्रियों के नाम भी चर्चा में आए हैं। बताया जा रहा है कि कई महिलाओं को निवेश के लिए प्रेरित करने और योजना का प्रचार-प्रसार करने में कुछ प्रभावशाली लोगों की भूमिका होने के आरोप लगाए गए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जिन लोगों के नाम सामने आए हैं, उनकी भूमिका की भी जांच की जा रही है। यदि जांच में किसी की संलिप्तता पाई जाती है तो उसके खिलाफ भी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## विश्वविद्यालय की एमबीए छात्रा ने हॉस्टल में उठाया आत्मघाती कदम, हालत गंभीर

रीवा। अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय (एपीएस) परिसर स्थित छात्रावास में सोमवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब एमबीए की एक छात्रा ने कथित रूप से आत्मघाती कदम उठाने का प्रयास किया। समय रहते सहपाठी छात्राओं की नजर पड़ जाने से बड़ी अनहोनी टल गई। गंभीर अवस्था में छात्रा को तत्काल संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। घटना के बाद विश्वविद्यालय परिसर और छात्रावास में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही विश्वविद्यालय थाना पुलिस अस्पताल और छात्रावास पहुंची तथा पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार संबंधित छात्रा अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में एमबीए की पढ़ाई कर रही है और विश्वविद्यालय के छात्रावास में रहकर अध्ययन कर रही थी। सोमवार सुबह वह अपने हॉस्टल के कमरे में थी। इसी दौरान उसने कथित रूप से आत्मघाती कदम उठाने की कोशिश की। बताया जा रहा है कि घटना के समय छात्रावास में मौजूद अन्य छात्राओं को कुछ असामान्य स्थिति का आभास हुआ। जब सहपाठी छात्राएं कमरे तक पहुंचीं तो उन्होंने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए छात्रा को बचाने का प्रयास किया। हालांकि तब तक उसकी हालत बिगड़ चुकी थी और वह अचेत अवस्था में पहुंच गई थी। घटना की जानकारी मिलते ही छात्रावास प्रबंधन एवं विश्वविद्यालय प्रशासन सक्रिय हुआ। छात्रा को तत्काल एम्बुलेंस की सहायता से संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उसका उपचार चल रहा है। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि छात्रा ने यह कदम किन परिस्थितियों या कारणों से उठाया। पुलिस द्वारा छात्रा के परिजनों को सूचना दे दी गई है। वहीं परिजनों ने भी घटना के पीछे किसी स्पष्ट कारण की जानकारी होने से अनभिज्ञता जताई है। विश्वविद्यालय थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस छात्रा के सहपाठियों, हॉस्टल की अन्य छात्राओं तथा छात्रावास प्रबंधन से पूछताछ कर रही है। साथ ही छात्रा के मोबाइल फोन और अन्य तथ्यों की भी जांच की जा रही है, ताकि घटना के पीछे की वास्तविक वजह सामने आ सके।

## त्योंथर जेल में आयोजित हुआ योग शिविर

**रीवा** । प्रत्येक वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। योग दिवस के अवसर पर योगा सप्ताह मनाया जा रहा है। जिला न्यायाधीश /अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति त्योंथर श्री वैभव सक्सेना के मार्गदर्शन में सब जेल त्योंथर में योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर में प्रशिक्षित योग शिक्षक अच्छेलाल सिंह द्वारा उपस्थित बंदीगण को योगासन की सभी मुद्राओं का अभ्यास कराते हुए योग से होने वाले लाभों के बारे में चर्चा की गई। जेल अधीक्षक शांतिभूषण सिंह द्वारा योग विषय पर चर्चा करते हुए बताया कि नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ्य रहता है, मन को शांति मिलती है, शरीर के अंदर नई ऊर्जा का संचार होता है। इस दौरान बंदियों को नियमित योग करने हेतु प्रेरित किया। शिविर में विकम चंद्र मिश्रा, उमेश प्रजापति, बलराम पुरोहित, पिंटू कलेश, समयलाल, जेल स्टॉफ एवं बंदीगण उपस्थित रहे।

# आस्था पर 'एंट्री टैक्स' का साया? देवतालाब में श्रद्धालुओं से वसूली के आरोप

## अक्सर विवादों के घेरे में रहने वाले थाना प्रभारी राजेश पटेल की कार्यशैली पर उठे सवाल

**रीवा**

विंध्य क्षेत्र के प्रसिद्ध और प्राचीन शिवधाम देवतालाब में श्रद्धालुओं से कथित रूप से एंट्री शुल्क के नाम पर की जा रही वसूली को लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है। दूर-दराज राज्यों और जिलों से भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का कहना है कि आस्था के इस प्रमुख केंद्र में प्रवेश के नाम पर उनसे राशि ली जा रही है, जबकि इसके संबंध में कोई स्पष्ट शासकीय आदेश, सूचना बोर्ड या अधिकृत दस्तावेज सार्वजनिक रूप से दिखाई नहीं देता। देवतालाब केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। मान्यता है कि कई श्रद्धालु बाबा धाम की यात्रा के बाद देवतालाब पहुंचकर भगवान शिव के दर्शन करते हैं। वर्षभर यहां हजारों श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है, जबकि सावन और विशेष पर्वों पर यह संख्या कई गुना बढ़ जाती है।

### आस्था के नाम पर वसूली या अधिकृत व्यवस्था?

सबसे बड़ा सवाल यह है कि श्रद्धालुओं से ली जा रही राशि आखिर किस आधार पर वसूली जा रही है। यदि यह शुल्क अधिकृत है तो संबंधित आदेश सार्वजनिक क्यों नहीं किया गया? और यदि कोई वैधानिक अनुमति नहीं है तो फिर खुलेआम यह वसूली किसके संरक्षण में चल रही है? स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं और उनसे लिए जा रहे शुल्क का हिसाब-किताब सार्वजनिक नहीं है। ऐसे में लाखों रुपये के लेन-देन को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है।

### पुलिस और प्रशासन की भूमिका पर सवाल

मामले को लेकर पुलिस और प्रशासन की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में है। श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि वसूली अवैध है तो अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई और यदि वैध है तो इसकी जानकारी आम जनता से क्यों छिपाई जा रही है।

### जांच नहीं हुई तो बढ़ सकता है जनाक्रोश

श्रद्धालुओं का कहना है कि धार्मिक स्थलों पर आने वाले लोगों को सुविधा और सम्मान मिलना चाहिए, न कि उन्हें हर कदम पर शुल्क और अव्यवस्था का सामना करना पड़े। लोगों ने जिला प्रशासन, पुलिस अधीक्षक और संबंधित विभागों से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सामने लाने की मांग की है।

### जनता मेंनाराजगी

मामले को लेकर स्थानीय लोगों और पत्रकारों के बीच यह शिकायत भी सुनने को मिल रही है कि क्षेत्र की समस्याओं, दुर्घटनाओं अथवा जनहित से जुड़े मामलों में संबंधित थाना प्रभारी से संपर्क करना कई बार चुनौतीपूर्ण साबित होता है। आरोप है कि आपात परिस्थितियों में भी फोन रिसीव न होने के कारण लोगों को समय पर पुलिस की प्रतिक्रिया नहीं मिल पाती। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जब किसी क्षेत्र में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हों और व्यवस्था से जुड़े सवाल लगातार उठ रहे हों, तब पुलिस प्रशासन की सक्रियता और जवाबदेही भी उतनी ही महत्वपूर्ण हो जाती है। लोगों का मानना है कि जनता, जनप्रतिनिधियों और मीडिया से संवाद बनाए रखना पुलिस अधिकारियों की जिम्मेदारी का महत्वपूर्ण हिस्सा है। देवतालाब में कथित वसूली के आरोपों के बीच अब यह मांग भी उठने लगी है कि संबंधित अधिकारी पूरे मामले पर सार्वजनिक रूप से अपना पक्ष रखें, ताकि श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों के मन में उठ रहे सवालों का समाधान हो सके।



## कारागारों में योग सप्ताह का हुआ शुभारंभ

**रीवा**। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय एवं संरक्षक मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा केन्द्रीय कारागार रीवा, उप जेल त्योंथर व उप जेल मउगंज में बंदियों हेतु ऑनलाईन माध्यम से योग सप्ताह का शुभारंभ किया गया। योग कार्यकम 15 जून से प्रारंभ होकर अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून तक संचालित होगा। केन्द्रीय कारागार रीवा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन में एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीर कुमार मिश्र के नेतृत्व में योग शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय कुमार मिश्रा, जेल अधीक्षक सतीष उपाध्याय, जेल उपाधीक्षक संजीव गेंदले, श्याम सिंह कुशवाहा व जेल के बंदीगण द्वारा योग सप्ताह के शुभारंभ के उपरांत योग गुरु आदर्श पाण्डेय के निर्देशन में योगाभ्यास किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने कहा कि योग के निरंतर अभ्यास से शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त होते हैं। इसलिये योग का निरंतर अभ्यास मानव के लिये आवश्यक है। जेल अधीक्षक ने कहा कि योग से अनुशासन और आत्म नियंत्रण विकसित होता है। जिला विधिक सहायता अधिकारी ने कहा कि योग के नियमित अभ्यास से स्वस्थ जीवन शैली अपनाने में सहायता मिलती है, जोकि जीवन में तनाव से मुक्ति दिलाती है और कार्य क्षेत्र में कुशलता का संवर्धन करती है।

## सगरा थाना क्षेत्र के लौवा गांव के समीप हुआ था दर्दनाक हादसा, महिलाओं और बच्चों समेत 15 लोग हुए थे घायल



**रीवा।**

जिले के सगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत लौवा गांव के समीप रविवार दोपहर हुए भीषण सड़क हादसे में घायल 15 लोगों में शामिल 10 वर्षीय मासूम बच्ची ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मृत बच्ची की पहचान नवागांव सगरा निवासी दीपाली शर्मा (10 वर्ष) के रूप में हुई है। वहीं दुर्घटना में घायल अन्य 14 लोगों का उपचार विभिन्न अस्पतालों में जारी है।

जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर एक ऑटो में महिलाएं, बच्चे और पुरुष सवार होकर गांव से रीवा शहर की ओर आ रहे थे। इसी दौरान लौवा गांव के समीप तेज रफ्तार यात्री बस ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी लोग सड़क पर जा गिरे। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। वही रास्ते से गुजर रहे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। उन्होंने अपने ड्राइवर और गनमैन के साथ स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायलों को वाहन के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया। पुलिस और स्थानीय लोगों की तत्परता के कारण सभी घायलों को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सकी। पुलिस के अनुसार दुर्घटना के समय ऑटो में कुल 15 लोग सवार थे, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। घायलों में पांच सदस्य एक ही परिवार के बताए गए हैं, जबकि अन्य लोग भी आसपास के गांवों से रीवा की ओर जा रहे थे। हादसे में अधिकांश यात्रियों को गंभीर चोटें आई हैं। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुई 10 वर्षीय दीपाली शर्मा को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां चिकित्सकों के प्रयासों के बावजूद सोमवार को उसकी मृत्यु हो गई। सगरा थाना पुलिस ने मृत बच्ची के शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं दुर्घटना के लिए जिम्मेदार बस और उसके चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी गई है।

# हनुमना में बागेश्वर धाम की तर्ज पर लगा दिव्य दरबार, पर्चा देख श्रद्धालु हुए अभिभूत

*तीन दिवसीय श्रीहनुमत कथा का हुआ समापन, विज्ञान धाम सरकार ने बताई लोगों की मन की बात*



**मऊगंज**। स्वामी माधवाचार्य महाराज की तपस्थली रामलीला मैदान में तीन दिवसीय दिव्य श्रीहनुमत कथा का भव्य समापन हुआ। समापन अवसर पर शाहपुर वृंदावन पीठाधीश्वर विज्ञान धर्म सरकार लक्ष्मीनारायण दास महाराज द्वारा लगाए गए दिव्य दरबार में बागेश्वर धाम जैसी अलौकिक झलक देखने को मिली। डेढ़ घंटे तक चले इस दिव्य दरबार में महाराज ने बिना बताए ही दर्जनों श्रद्धालुओं को बुलाकर उनकी समस्याएं और मन की बातें पहले से लिखे पर्चों में पढ़कर सुनाईं। इस चमत्कार को देखकर उपस्थित जनसमूह आश्चर्यचकित और भाव-विभोर हो उठा। समयाभाव के कारण जिन श्रद्धालुओं की बारी नहीं आ पाई, उन्हें महाराज ने प्रत्येक मंगलवार व शनिवार को शाहपुर स्थित विज्ञान धाम सरकार हनुमान जी के दरबार में आने का निमंत्रण दिया। हनुमान जी की प्रेरणा से आयोजित इस तीन दिवसीय कथा में प्रतिदिन शाम 4 से रात 9 बजे तक हनुमत चरित्र का रसपान कराया गया। अंतिम दिन 7 बजे तक कथा और रात 9 बजे तक दिव्य दरबार लगा, जिसमें नगर व आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या श्रद्धालु उमड़े। वहीं समापन अवसर पर पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना एवं नगर परिषद अध्यक्ष सोनू आशुतोष गुप्ता पहुंच कर कथा श्रवण किया। इस दौरान अपने उद्बोधन में पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह ने महाराज जी की दो प्रमुख मांगों का समर्थन करते हुए कहा हनुमना नगर के प्रवेश द्वार पर हनुमान जी की भव्य प्रतिमा स्थापना और गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करना। उन्होंने कहा, जनसेवक के नाते इन दोनों कार्यों के लिए भरसक प्रयास करूंगा। इस अवसर पर पूर्व नपं अध्यक्ष रमेश कुमार जायसवाल, पार्षद अखिलेश गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक वरिष्ठ पत्रकार संपति दास गुप्ता, हरि सेवा समिति अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता, उद्धव दास केसरी, शिक्षक रामजी गुप्त, एडवोकेट दिव्याकांत त्रिपाठी, वासुदेव गुप्ता, राम सिया केसरवानी सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति व क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे। क्या है विज्ञान धाम सरकार दरबार जिले के हनुमना विकासखंड अंतर्गत आने वाले शाहपुर स्थित विज्ञान धाम सरकार हनुमान मंदिर में प्रत्येक मंगलवार व शनिवार को दिव्य दरबार लगता है। यहां भी बागेश्वर धाम की तर्ज पर श्रद्धालुओं की अर्जियां पर्चे के माध्यम से सुनी जाती हैं।

# मातृत्व संस्था के 16 वर्ष पूर्ण, चैतन्य रिया बनीं नई संस्था प्रमुख



महिलाओं को समाधानकर्ता बनाने का संकल्प, मातृत्व संस्था की चैतन्य गोष्ठी

**मऊगंज**। नगर की सामाजिक संस्था मातृत्व ने अपने 16 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण कर 17वें वर्ष में प्रवेश किया। इस अवसर पर वन्दे मातरम भवन में चैतन्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में वर्ष 2026-27 सत्र के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से चैतन्य रिया को संस्था प्रमुख का दायित्व सौंपा गया। उनके साथ चैतन्य रंजना, चैतन्य अंजलि, चैतन्य प्राची, चैतन्य वर्षा, चैतन्य साक्षी, चैतन्य तपस्या, चैतन्य पायल तथा चैतन्य रूचि, शिवानी, अर्शिता को भी विशेष जिम्मेदारियां दी गईं।आयोजित कार्यक्रम के दौरान संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मानव जाति, पर्यावरण और बच्चों के जीवन की चुनौतियों में महिलाएं और मातृत्व वर्ग कैसे समाधान बना रहा। इस पर सदस्यों ने गहन चिंतन किया और आगामी वर्ष के लिए कार्ययोजना पर चर्चा की।संस्था के वरिष्ठ सदस्य चैतन्य रिंकू, चैतन्य इन्दू, चैतन्य नीलम, चैतन्य नम्रता, चैतन्य शशि, चैतन्य नीतू, चैतन्य मंजू, चैतन्य दिव्या, चैतन्य कृतिका, चैतन्य रेखा, चैतन्य तारा ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं और संस्था के मूल्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।इस अवसर पर चैतन्य शैली, श्रेया, साक्षी, ईसू, काजल, आंचल, शशि, आस्था, ज्योति, नन्दिनी, कशिश, कीर्ति, शिवानी, प्रिंसी, मीठी सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहीं।गौरतलब है कि संस्था पिछले 16 वर्षों से मातृ तत्व के मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं के लिए कार्य कर रही है। नए सत्र में पर्यावरण संरक्षण, बाल विकास और महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया जाएगा